मणिपुर में नई हिंसा: पांच की मौत, मुख्यमंत्री ने की सुरक्षा समीक्षा



मौलिक प्रतीकात्मक चित्र: pcsmantra.com

खबरों में क्यों

मणिपुर में ताजा हिंसा में **पाँच लोगों की मौत** हुई है। 13 नवंबर (शुक्रवार) को कांगपोकपी जिले के ताफौ कुकी गाँव में एक महिला की हत्या की गई, जबकि उखरुल जिले के न्यू हेवन में **चार लोगों को गोली मार दी गई** - ये चारों तंगखुल नागा समुदाय से थे। इसके बाद 14 नवंबर को मुख्यमंत्री **वाई. खेमचंद सिंह** ने उच्च-स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक की।

क्या-क्या हुआ

- **सुरक्षा समीक्षा:** बैठक में कानून-व्यवस्था की स्थिति और संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा बढ़ाने के उपायों पर चर्चा हुई; आपराधिक गतिविधियों में शामिल लोगों को पकड़ने के लिए **कॉम्बिंग ऑपरेशन जारी** रखने का निर्णय हुआ। बैठक में गृह मंत्री गोविंदस कोंथौजम, मुख्य सचिव, DGP और असम राइफल्स, CRPF, BSF के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।
- **राजनीतिक प्रतिक्रिया:** NPF विधायक लैशियो कैशिंग ने JNIMS (इंफाल) पहुँचकर दोषियों पर कठोर कार्रवाई माँगी और बदले की हिंसा से बचने की अपील की।
- **TNL का अल्टीमेटम:** तंगखुल नागा लॉन्ग (TNL) ने राज्य सरकार को तीन दिन का अल्टीमेटम दिया - नागा-बहुल क्षेत्रों से "कुकी उग्रवादियों" को हटाने, केंद्रीय सुरक्षा बलों की वापसी और मामला **NIA को सौंपने** की माँग; न मानने पर अनिश्चितकालीन आंदोलन की चेतावनी।

पृष्ठभूमि

मणिपुर में मई 2023 से मैतै और कुकी समुदायों के बीच जातीय तनाव की स्थिति बनी हुई है; बीच-बीच में हिंसक घटनाएँ होती रहती हैं। नागा-बहुल उखरुल जिले में नई हिंसा से तनाव का विस्तार चिंता का विषय है। परीक्षा की दृष्टि से मणिपुर का आंतरिक सुरक्षा-प्रबंधन, केंद्र-राज्य समन्वय और उत्तर-पूर्व के सशस्त्र समूदायों का मुद्दा GS-III से जुड़ता है।

> **संबंधित लेख:** मणिपुर: 36 समुदायों की शांति समिति - विश्लेषण

प्रिलिम्स परीक्षा अभ्यास प्रश्न

प्रश्न 1. मणिपुर की ताजा हिंसा (नवंबर 2026) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. उखरुल जिले में चार लोगों की गोली मारकर हत्या की गई

2. मुख्यमंत्री ने 14 नवंबर को सुरक्षा समीक्षा बैठक की

3. उखरुल में मारे गए चारों लोग मैतै समुदाय से थे

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

▶ उत्तर और व्याख्या

प्रश्न 2. तंगखुल नागा लॉन्ग (TNL) ने राज्य सरकार से क्या माँग की?

(a) राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की
(b) मामला राष्ट्रीय जाँच एजेंसी (NIA) को सौंपने की
(c) राज्य विधानसभा भंग करने की
(d) विशेष आर्थिक पैकेज की

▶ उत्तर और व्याख्या

मेन्स परीक्षा अभ्यास प्रश्न

मणिपुर में बार-बार होती हिंसा भारत के आंतरिक सुरक्षा प्रबंधन की चुनौतियों को उजागर करती है। ताजा घटनाक्रम के संदर्भ में शांति बहाली के लिए आवश्यक कदमों पर चर्चा कीजिए। (उत्तर 250 शब्दों में दीजिए - 15 अंक)

उत्तर की रूपरेखा:

भूमिका में: नवंबर 2026 की ताजा हिंसा (पाँच मौतें) और मई 2023 से जारी जातीय तनाव की पृष्ठभूमि।

मुख्य भाग में:

- **सुरक्षा-प्रबंधन:** कॉम्बिंग ऑपरेशन, संवेदनशील क्षेत्रों में बलों की तैनाती, केंद्र-राज्य एजेंसियों का समन्वय।
- **न्याय-प्रक्रिया:** निष्पक्ष जाँच (NIA की माँग का संदर्भ), दोषियों पर विश्वसनीय कार्रवाई।
- **राजनीतिक-सामाजिक मार्ग:** समुदायों के बीच संवाद, सिविल सोसायटी और शिखर संगठनों की भूमिका, बदले की हिंसा से बचने की अपीलें।

PCSMANTRA.COM